
CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 20-02-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDFP User: cci Time: 02-19-2026 15:35 Color:

नवभारत टाइम्स NBT Delhi Times OF INDIA
masala mix
FRIDAY, FEBRUARY 20, 2026
ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE



विवेक अग्निहोत्री देशभक्ति पर आधारित एक मूवी बनाने जा रहे हैं




@michelleyeoh_official


# वॉक ऑफ फेम स्टार सम्मान से नवाजी गईं मिशेल योह

सम्मान कार्यक्रम के दौरान मिशेल योह के साथ उनके परिवार के कुछ करीबी सदस्य और दोस्त भी मौजूद रहे

मिशेल योह को हॉलिवुड वॉक ऑफ फेम स्टार सम्मान से नवाजा गया है। लॉस एंजिल्स में आयोजित इस सम्मान समारोह में ऑस्कर विजेता मिशेल सम्मान प्राप्त करने के लिए खुद मौजूद थीं। इस दौरान उन्होंने येलो कलर की ड्रेस पहनी हुई थी। साउथ ईस्ट एशिया से लेकर हॉलिवुड तक का सफर तय करने वालीं मिशेल सम्मान पाकर बेहद भावुक दिखीं।

उन्होंने कहा, 'मेरा यह सफ़र एक सीधी लाइन जैसा नहीं था। कई बार ऐसा हुआ जब मैं चौंक जाती थी कि मैं यहां से हूं, लेकिन मैं भाग्यशाली थी। खुशकिस्मत थी कि मैं उन कहानियों का हिस्सा बनी जो सीमाओं और भाषाओं से परे थीं।' उन्होंने यह भी बताया कि उनके पति भारत दूर पर हैं, इसलिए वह उनके साथ नहीं आ पाए। वहीं इस उपलब्धि पर मिशेल की फिल्म क्राउचिंग टाइगर, हिडेन ड्रैगन के डायरेक्टर ऐंग ली ने मिशेल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें यह सम्मान पहले ही मिल जाना चाहिए था।

> मेरा यह सफ़र एक सीधी लाइन जैसा नहीं था। कई बार ऐसा हुआ जब मैं चौंक जाती थी कि मैं यहां से हूं। मैं खुशकिस्मत थी कि मैं उन कहानियों का हिस्सा बनी जो सभी तरह की सीमाओं और भाषाओं से परे थीं।




# 'मेरे लिए किंग होने का मतलब पावर नहीं जिम्मेदारी है'

शाहरुख खान ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में खुद को मिले टाइटल किंग खान को लेकर बात की।

शाहरुख खान को लोग पूरी दुनिया में किंग खान या बादशाह के नाम से बुलाते हैं। उनको ये नाम सिर्फ उनकी सुपरहिट फिल्मों या बॉक्स ऑफिस पर उनके जादू से ही नहीं मिला, बल्कि दशकों के कल्चरल असर से भी उन्हें ये पहचान मिली है। फिर भी, शाहरुख खान किंग के इस टाइटल को किसी तरह के स्टारडम से नहीं जोड़ते। उनके लिए 'किंग' का मतलब राज करना नहीं, बल्कि उससे जुड़ी जिम्मेदारी को निभाना है।

शाहरुख ने कहा, 'मेरे लिए किंग शब्द का मतलब कभी पावर नहीं रहा। मेरे लिए यह हमेशा जिम्मेदारी रही है, उन लोगों के प्रति जो आप पर और उन कहानियों पर विश्वास करते हैं, जिन्हें आप अपनी फिल्मों के जरिए उन तक पहुंचाते हैं।' -PTI

## 'टाइटल नहीं काम का इरादा अहम होता है'

शाहरुख खान का कहना है कि समय बड़े से बड़े टाइटल को भी बदल देता है। उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे समय बीतता है, आपको अहसास होता है कि असल में टाइटल मायने नहीं रखता बल्कि काम करने के पीछे का इरादा मायने रखता है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी जिंदगी और करियर के इस पड़ाव पर, किंग टाइटल एक पहचान से ज्यादा विनम्रता और मकसद के साथ जीने की याद दिलाता है। मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है, ऐसा काम करना जो लोगों को एक साथ लाए, उन्हें कुछ महसूस कराए और उन्हें खुशी दे।'


# दुल्हन की तरह सजा विजय का घर

इन दिनों विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर उनकी शादी का कार्ड वायरल होने के बाद, अब विजय देवरकोंडा के घर की तस्वीरें और विडियो भी सामने आए हैं, जिसमें उनका घर दुल्हन की तरह सजा दिखाई दे रहा है। पूरे घर को सैकड़ों लाइटों से सजाया गया है। घर में लगे पेड़ों पर भी लड़ियां जगमगाती हुई दिखाई दे रही हैं। वहीं घर के साथ ही टेंट भी लगा नजर आ रहा है। वायरल विडियोज में उनके घर को सजाते लोग भी दिख रहे हैं। जिससे पता चल रहा है कि घर में बड़े आयोजन की तैयारी हो रही है।

गौरतलब है कि विजय और रश्मिका मंदाना की शादी की चर्चा ने तब जोर पकड़ लिया, जब उनकी शादी का एक कार्ड सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इन्विटेशन कार्ड के बॉक्स में कुछ गिफ्ट आइटम भी दिखाई दिए थे। वहीं निमंत्रण पत्र में बताया गया था कि दोनों का विवाह 26 फरवरी को हो रहा है और इसके बाद 4 मार्च को ग्रैंड रिसेप्शन होने की भी जानकारी दी गई थी।

## उदयपुर में होगी शादी

शादी को लेकर कहा जा रहा है कि उदयपुर में दोनों सात फेरे लेंगे, वहीं वायरल कार्ड में बताया गया है कि रिसेप्शन का कार्यक्रम हैदराबाद में किया जाएगा।



लाइटों से सजाया गया है विजय देवरकोंडा का घर


बिंदास BOL

फिल्मों में विलेन को हीरो जैसा दिखाना समाज पर क्या असर डालता है?

अपने विचार आप 200 शब्दों में भेज सकते हैं। चुनिंदा जवाबों को हम प्रकाशित करेंगे।

जवाब भेजने के लिए QR कोड को स्कैन करें या 9220747220 पर वॉट्सऐप करें। जवाब dtmmresponse@timesofindia.com पर ईमेल भी कर सकते हैं। साथ में अपना नाम और Social लिखें।

पिछले सवाल का जवाब पेज 2 पर



कनॉट प्लेस में शूटिंग करते कार्तिक आर्यन

# AQI हुआ कम, तो राजधानी में ऊपर जाने लगा शूटिंग का ग्राफ



शूटिंग के दौरान कार्तिक आर्यन

**शूटिंग के लिए ये जगह की जा रही हैं पसंद**
- कनॉट प्लेस
- चांदनी चौक
- दिल्ली मेट्रो के स्टेशन
- पहाड़गंज
- लक्ष्मी नगर

राजधानी में ठंड और प्रदूषण का स्तर कम होने से दिल्ली में एक बार फिर से लाइट, कैमरा, एक्शन की आवाजें सुनाई देने लगी हैं। मौसम में बदलाव के बाद तमाम फिल्ममेकर्स दिल्ली में शूटिंग के लिए आवेदन दे रहे हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने अपनी फिल्म नागजिला की शूटिंग दिल्ली में की। यहां वह कनॉट प्लेस और लक्ष्मी नगर समेत कई जगहों पर शूट करते नजर आए। अब आने वाले दिनों में और कई कलाकार दिल्ली में कैमरा फेस करते नजर आ सकते हैं।

## कई निर्माताओं ने मांगी है शूटिंग की इजाजत

दिल्ली में शूटिंग की इजाजत देने वाले टूरिज्म डिपार्टमेंट का कहना है कि जहां दिसंबर में खराब AQI के चलते शूटिंग के लिए कोई आवेदन नहीं आया था, तो वहीं जनवरी फरवरी में फिर से आवेदन आने लगे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि ये आवेदन शहर के टूरिज्म डिपार्टमेंट को दिल्ली फिल्म पॉलिसी के तहत मिले हैं, जिनमें से एक प्रोजेक्ट की शूटिंग राजधानी में पहले ही शुरू हो चुकी है। अधिकारी के मुताबिक, अन्य जिन फिल्मों के आवेदन मिले हैं, उन्होंने भी कनॉट प्लेस, चांदनी चौक जैसी जगहों पर शूटिंग की इजाजत मांगी है। अधिकारी का कहना है कि दिसंबर में किसी फिल्म शूटिंग के लिए आवेदन नहीं मिला था, जबकि अक्टूबर और नवंबर के बीच तीन प्रपोजल आए। इससे पहले, कुल मिलाकर करीब 15 एप्लीकेशन फाइल किए गए थे। गौरतलब है कि बीते साल नवंबर में राशा थडानी अपनी फिल्म लाइका लाइकी की शूटिंग के लिए दिल्ली आई थीं। - PTI


> हम ग्रेटर नोएडा में खुशी कपूर की फिल्म मॉम 2 का सेट लगा रहे हैं। साथ ही बड़े स्टार्स की कम से कम चार फिल्मों की शूटिंग दिल्ली-एनसीआर में करेंगे। -विनोद कुमार बिन्नी, लाइन प्रड्यूसर

CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 20-02-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDDPRD User: cci Time: 02-19-2026 15:48 Color:



# फैशन ट्रेंड में 'फेसलेट' ने बनाई अपनी जगह





K-pop और सोशल मीडिया का असर: K-pop स्टार्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने इस ट्रेंड को बढ़ावा दिया। खासकर जीओन सोमी के फेस चेन ज्वैलरी लुक से यह स्टाइल चर्चा में है

**आप इसे पसंद करें, नापसंद करें या इसे एक और गुजरता ट्रेंड समझकर नजरअंदाज करें, लेकिन इन दिनों फेस चेन को नजरअंदाज करना मुश्किल है। फेसलेट के नाम से भी पहचानी जाने वाली ये एक्सेसरी फिलहाल फैशन की दुनिया में छाई हुई है:**

आकांक्षा अहिरे

अब फेसलेट ब्राइडल ज्वैलरी में एक दिलचस्प विकल्प बन रहे हैं। तमाम सितारे भी इसे कई मौकों पर कैरी करते नजर आ रहे हैं। डिजिटल क्रिएटर खुशी जैन हाल ही में अपनी हल्दी सेरेमनी में फेसलेट पहने नजर आईं। उनका कहना है कि दोस्तों से इसके बारे में पता चला और सोशल मीडिया पर इसके पोस्ट देखकर यह आइडिया पसंद आ गया। वे सेमी-ट्रेडिशनल लुक चाहती थीं, इसलिए कुछ अलग ट्राई किया और वह अपने फैसले से अब बेहद खुश हैं।


एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फेसलेट ट्रेडिशनल ज्वैलरी के साथ भी अच्छे लगते हैं। ज्वैलरी डिजाइनर दिशा शाह सलाह देती हैं कि इसे माथापट्टी या मांगटीका के साथ पहनने से लुक ओवरऑल अच्छा लगता है। हल्के डैंगलिंग, छोटे चार्म्स या सिंगल डायमंड डिजाइन चेहरे पर ध्यान बनाए रखते हुए स्टाइल में हल्की खूबसूरती जोड़ते हैं। आपको यूनीक लुक देने में ये खासी काम आती हैं।

## कैजुअल आउटिंग के लिए परफेक्ट

अगर इसे सही तरह से स्टाइल किया जाए तो हल्का फेसलेट रोज पहनने वाली एक्सेसरी बन सकता है। रोज की आउटिंग के लिए सिंपल डिजाइन चुनें। इसे हल्के मेकअप के साथ पहनें और ज्यादा चमकदार हाईलाइट से बचें, वरना लुक थोड़ा बिखरा लग सकता है। डिनर, पार्टी, कॉन्सर्ट, कॉकटेल नाइट या फेस्टिव गेट-टुगेदर में यह खास अच्छा लगता है। सही आउटफिट के साथ यह आपके लुक को तुरंत स्टाइलिश बना देता है। फैशनिस्टा और LGBTQ+ एक्टिविस्ट फ्रेडरिक रॉबर्टसन हाल ही में स्कपरैली के कूट्योर शो में बोल्ड गोल्ड मेटल फेसलेट में नजर आए। यह फेसलेट चेहरे के ऊपरी हिस्से को खूबसूरती से फ्रेम कर रहा था और ज्वैलरी व फेस आर्मर के बीच अलग स्टाइल स्टेटमेंट दिखा रहा था। इस तरह के एक्सपेरिमेंटल फेसलेट अब फैशन में नई पहचान बना रहे हैं। बॉलिवुड से लेकर ग्लोबल पॉप आइकॉन्स तक, सिलेब्रिटीज लंबे समय से चेहरे पर ज्वैलरी पहनते रहे हैं। आज के फेसलेट उन्हीं ड्रामेटिक स्टाइल्स का रिफाइंड वर्जन हैं। अब ये रोजमर्रा के अनुकूल बनकर सामने आए हैं।

## दिखने में अजीब है, फिर भी डिमांड में

भले ही यह कुछ लोगों को सुनने में अजीब लगे, लेकिन 2026 की ट्रेंडी ज्वैलरी लिस्ट में फेसलेट तेजी से जगह बना रहे हैं। लग्जरी और डिजाइन एक्सपर्ट नीति गुप्ता मानती हैं कि फेस चेन आगे चलकर बड़ा ट्रेंड और वॉर्डरोब स्टेपल बन सकते हैं। वह कहती हैं, 'यह ट्रेंड उन युवाओं के लिए खास है, जो हमेशा ड्रेस अप और एक्सेसरीज के नए और अलग तरीके ढूंढ रहे होते हैं। डिजाइन और इस्तेमाल किए गए मटीरियल भी फेसलेट्स की खासियत को बढ़ाते हैं, जहां ऑर्नेट फिलिग्री (महीन तारों से जड़ा हुआ डिजाइन) और क्रिस्टल को इवनिंगवियर के साथ पहना जा सकता है, वहीं बीड्स और फेदर्स फेसलेट्स को आप म्यूजिक फेस्टिवल में पहनने के लिए अच्छा विकल्प मान सकते हैं।' इस ट्रेंड के पॉपुलर होने की एक बड़ी वजह सोशल मीडिया भी है।




> अभी फेसलेट फैशन ट्रेंड ज्वैलरी के रूप में ही देखे जा रहे हैं। लोग इन्हें अपनी पर्सनल स्टाइल दिखाने के लिए पहन रहे हैं।
>
> - दिशा शाह, ज्वैलरी डिजाइनर



@Etsy

## फेस चेन या फेसलेट क्या हैं?

फेसलेट चेहरे पर पहनी जाने वाली एक खास एक्सेसरी है। ज्वैलरी ब्रैंड फाउंडर निमेश जैन के अनुसार, 'इसे गाल की हड्डियों, आंखों के पास या कान के आसपास पहना जाता है। दरअसल, ये आपके चेहरे को फ्रेम करने का काम करते हैं।' इसके कई रूप होते हैं, जैसे चीकबोन ड्रॉप्स (सिंगल स्टोन या क्लस्टर), टेम्पल एक्सेंट्स, कान से गाल तक जाती पतली चेन या फैशन शूट के लिए बोल्ड फेस ज्वैलरी। इन्हें गोल्ड, सिल्वर-प्लेटेड या अन्य मेटल से बनाया जाता है और इनमें क्रिस्टल्स, रंगीन स्टोन्स या चार्म्स लगाए जाते हैं। गायिका बेयॉन्से ने हिम फॉर द वीकेंड के म्यूजिक विडियो में फेस चेन और हेड ज्वैलरी पहनकर इस स्टाइल का बोल्ड उदाहरण पेश किया था, जो लोगों को खासा अट्रैक्ट भी किया।



बेयॉन्से द्वारा हिम फॉर द वीकेंड के म्यूजिक विडियो में पहनी भारी फेस चेन और हेड ज्वैलरी को चेहरे की ज्वैलरी का मैक्सिमलिस्ट अंदाज माना गया

## इतिहास से जुड़ी परंपरा

फेसलेट भले नया ट्रेंड लगे, लेकिन इसकी जड़ें काफी पुरानी हैं। दक्षिण एशिया में नथ की चेन, टीका और माथापट्टी लंबे समय से चेहरे को सजाने के लिए पहनी जाती रही हैं। मध्य-पूर्व और मध्य एशिया में भी माथे पर पहने जाने वाली चेन और टेंपल ज्वैलरी पारंपरिक पहनावे का हिस्सा रही हैं। वहीं अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई आदिवासी समुदायों में चेहरे पर मोती और धातु के आभूषण रिवाज और रोजमर्रा दोनों में इस्तेमाल होते थे। पहले इन्हें सजावटी फेस मास्क या पारंपरिक गहनों के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब इन्हें नए और आधुनिक अंदाज में पेश किया जा रहा है, जिसे आज 'फेसलेट' कह रहे हैं।

# बिंदास BOL

## AI का शिक्षा-जॉब में प्रयोग करना कितना फायदेमंद है?

### सवाल पर पाठकों की राय

आज जीवन के हर क्षेत्र में AI का प्रयोग बढ़ता जा रहा है। शिक्षा में एआई जैसे क्रांतिकारी प्रयोग से बच्चे किसी कार्य को अधिक निपुणता से सीख सकते हैं। एआई की सहायता से 40 बच्चों की कक्षा में अब 40 शिक्षक होंगे। इससे किसी विषय में कमजोर बच्चे का भी सर्वांगीण विकास होना संभव होगा। इसी तरह जॉब में भी हर कर्मचारी एआई की सहायता से परफेक्ट तरीके से काम कर पाएगा। लेकिन एआई को नियंत्रित करना भी जरूरी है क्योंकि हर तकनीक का दुरुपयोग बहुत जल्दी होने लगता है। -दिलबर सिंह नेगी

AI का शिक्षा-जॉब में प्रयोग जितना फायदेमंद है, उतना नुकसानदायक भी है। शिक्षा के क्षेत्र में बात करें तो अब स्टूडेंट्स किसी भी टॉपिक को आसानी से संक्षेप में AI के माध्यम से समझ सकते हैं लेकिन एक सवाल के जवाब में जहां बच्चे पूरी किताबें पढ़ते थे, तब जाकर सवाल का जवाब मिलता है, इससे बच्चों में पढ़ने और जवाब ढूंढने की आदत बढ़ती थी। AI के आने के बाद ये चीजें खत्म हो जाएंगी। वहीं जॉब के सेक्टर में भी AI ने काफी कुछ आसान बना दिया है, लेकिन इससे जॉब में खतरा पैदा हो सकता है। -पैंवर तोमर



# अपने हेलमेट को दें नया लुक

हेलमेट सड़क मार्ग पर हमारी सुरक्षा के लिए बेहद अहम होता है। हमारे घर में कई बार पुराने हेलमेट रखे होते। तो क्यों ना उन्हें दोबारा यूज किया जाए। यहां जानिए पुराने हेलमेट को नया लुक देने का आसान तरीका।

## एक साफ़ बेस से शुरू करें

सबसे पहले आप हेलमेट को हल्के साबुन और पानी से धो लें। सजाने से पहले इसे पूरी तरह सूखने देना जरूरी है।

## ध्यान से पेंट को लगाएं

अगर पेंट कर रहे हैं, तो मैन्युफैक्चरर अप्रूव्ड, हेलमेट-सेफ पेंट्स का इस्तेमाल करें। बहुत ज्यादा गाढ़े घोल से बचें।


## अपनी पर्सनलिटी से जोड़ें

रिफ्लेक्टिव टेप्स, थीम वाले स्टिकर्स, या क्लिप-ऑन एक्सेसरीज आसानी से हेलमेट की वाइब बदल सकती हैं।

## अच्छी क्वालिटी के डेकल्स या रैप्स का इस्तेमाल रहता है सही

क्वालिटी को बेहतर करना चाहते हैं तो विनाइल स्टिकर्स और कस्टम रैप्स, शेल को नुकसान पहुंचाए बिना लुक बदलने का सबसे सुरक्षित तरीका है।

GALLERIA TIMES interact




iStock

# हम दोनों हैं एक-दूसरे के 'वैलेंटाइन'


नवभारत टाइम्स ने वैलेंटाइंस डे पर अपने पाठकों से पार्टनर के साथ सेलिब्रेशन की तस्वीर मांगी थी। हमारे पास पाठकों के सैकड़ों ईमेल आए, जिनमें से इन लकी विनर्स ने जीता है गिफ्ट वाउचर।



पिंकी जैन



सिंपल, उमेश शर्मा



बालकृष्ण अमरसरिया



स्वाति महेश्वरी




चंद्र प्रकाश शर्मा

CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 20-02-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDMMM User: cci Time: 02-19-2026 15:37 Color:



# अध्यात्म से जिंदगी में बहुत सुकून आया: भूमि


@bhumisatishpednekkar

रेखा खान

अपनी डेब्यू फिल्म दम लगा के हईशा में वजन बढ़ाने की बात हो या फिर सांड की आंख में बुजुर्ग महिला का किरदार निभाने की, भूमि पेडनेकर ने हर रोल में खुद को जस्टिफाई किया है। अब इन दिनों भूमि वेब सीरीज दलदल में अपने किरदार को लेकर चर्चा में हैं। वह कहती हैं कि उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलाव के पीछे अध्यात्म एक बड़ा कारण है। उन्होंने कहा, 'पिछले दो साल से मैं जिस तरह से अध्यात्म की ओर मुड़ी हूं, वह मेरे अंदर शांति और सुकून लेकर आया है। कई बार मैं आईने में देखती हूं, तो लगता है कि वह कह रहा है, आज तो तुम बहुत ग्लो कर रही हो।'

## 'अब सोशल मीडिया पर सोच कर ही बोलती हूं'

हाल ही में एआर रहमान के एक इंटरव्यू ने काफी हंगामा मचाया। भूमि इस बात को स्वीकार करती हैं कि अब वह सोशल मीडिया पर सोच-समझ कर बोलती हैं। वह कहती हैं, 'मैं अपनी बात को रखते हुए काफी चौकन्नी रहती हूं। हालांकि मैंने वह इंटरव्यू नहीं देखा था, तो मैं उस पर कुछ कमेंट नहीं कर सकती। मगर इतना जरूर कह सकती हूं कि आमतौर पर आज चीजों को एडिट करके किसी बात का और मतलब निकाल लेते हैं। मुझे लगता है कि इंटरनेट यूजर्स को जरा भी अहसास नहीं कि उनकी दो मिनट की मस्ती या हंसी के कारण किसी इंसान की निजी जिंदगी में कितने बड़े दुष्प्रभाव हो सकते हैं। मैं यही कहूंगी कि इस तरह की चीजों को बढ़ावा मत दीजिए।'


सोनचिड़िया की 'खुशिया' से भूमि आज भी जुड़ी हुई है

## 'सोनचिड़िया फिल्म की खुशी से है एक खास रिश्ता'

भूमि कहती हैं कि साल 2019 में आई उनकी फिल्म सोनचिड़िया ने उनकी जिंदगी को नए मायने दिए हैं। बकौल भूमि, 'मुझ पर सबसे ज्यादा प्रभाव फिल्म सोनचिड़िया का रहा। उसने मेरी जिंदगी बदली है। वह बच्ची खुशी (खुशिया) अब भी मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा हिस्सा है। मैंने नहीं सोचा था कि मुझमें इतनी छोटी उम्र से मातृत्व की भावना आ जाएगी। उस फिल्म ने मेरी जिंदगी की धारा मोड़ दी।'


@abhaydeol

TRIPPIN'

अभय देओल ने हाल ही में फैंस के साथ अपनी थाईलैंड ट्रिप की कुछ झलकियां साझा की हैं। इन तस्वीरों में वह थाईलैंड के रंग में रंगे हुए नजर आ रहे हैं। इन फोटोज को शेयर करते हुए अभय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मजाकिया अंदाज में लिखा, 'चल के थाईलैंड का स्वाद ही खा।'

# 'मुझे सफलता की कीमत देनी पड़ी'


क्लोई झाओ

रिचर्ड मैडेन को ऐटरनल्स का एक सीन समझातीं डायरेक्टर क्लोई

फिल्ममेकर क्लोई झाओ हॉलिवुड के सफल डायरेक्टर्स में से एक हैं। लेकिन उनका कहना है कि इस सफलता के लिए भी उन्हें कीमत चुकानी पड़ी है। एक बातचीत में क्लोई ने कहा, 'इसकी अपनी एक कीमत होती है। पहले मैं इस बात से नफरत करती थी और ढेरों सेल्फ-हेल्प किताबें पढ़ती थी ताकि इसे ठीक कर सकूं। लेकिन बदलाव के लिए कुछ न कुछ खोना पड़ता है। जब तक आप किसी चीज को खत्म नहीं होने देते, तब तक आप खुद को बदल नहीं सकते।'

क्लोई ने माना कि एक सफल करियर और खुशहाल पारिवारिक जीवन के बीच बैलेंस बिठाना मुश्किल है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता था कि इंसान को सब कुछ मिल सकता है। जैसे कि हमेशा गर्मी का ही मौसम रहे, मुझे सर्दी का मौसम पसंद नहीं है। लेकिन अब मुझे समझ आता है कि नहीं, आपको किसी न किसी चीज को खत्म होने देना पड़ता है।'

> बदलाव के लिए कुछ खोना पड़ता है। जब तक आप किसी चीज को खत्म नहीं होने देते, तब तक आप खुद को बदल नहीं सकते






# रिचा ने दिया ट्रोल करने वालों को करारा जवाब

हाल ही में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों से हुई मुलाकात को लेकर ट्रोल हो रहीं रिचा चड्ढा ने अब करारा जवाब दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि लोगों के अपने विकास पर ध्यान देना चाहिए। दरअसल जब फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने फिल्मी सितारों संग तस्वीरें शेयर की थीं, तो कुछ यूजर्स ने कमेंट कर पूछा था कि रिचा वहां क्यों थीं। इसी का जवाब देते हुए रिचा ने लिखा, 'अगर किसी को कहीं बुलाए जाने पर आपको जलन की वजह से लूज मोशंस हो रहे हैं, तो कृपया याद रखें कि दूसरों से जलन करना तरक्की रुक जाने की पहली निशानी है। कुछ बेहतर करें। अपने खुद के विकास पर ध्यान दें और तब आप देखेंगे कि दूसरे लोग मायने नहीं रखते। जिसमें कुछ अपनी राय थोपने वाले मूर्ख स्टार्स भी शामिल हैं।'


@therichachadha

फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों संग रिचा


> याद रखें कि ईर्ष्या तरक्की रुक जाने की पहली निशानी है। कुछ बेहतर करें और अपने खुद के विकास पर ध्यान दें



CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 20-02-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDINDRAD User: cci Time: 02-19-2026 15:39 Color:



# ‘अगर मैं धोखा देता तो कोई मेरे साथ काम क्यों करता?’




**अंतरिम जमानत पर बाहर आए राजपाल यादव ने जेल में बिताए वक्त और इंडस्ट्री के सपोर्ट पर बात की:**

विनय एमआर मिश्रा

राजपाल यादव ने लंबे वक्त से चल रहे 9 करोड़ रुपए के चेक बाउंस मामले में कुछ दिनों पहले तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण कर दिया था। बीते मंगलवार को रिहाई के बाद वह अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए शाहजहांपुर रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने हमसे बातचीत की। बातचीत के दौरान राजपाल ने कानूनी रूप से मामला संवेदनशील होने के चलते अपने शब्दों को बहुत सावधानी से चुना। उन्होंने कहा, 'इस मामले में अभी कानूनी प्रक्रिया जारी है, ऐसे में मैं अपने शब्दों को लेकर सतर्क हूं, क्योंकि मेरे शब्दों में थोड़ा सा भी बदलाव किसी समस्या का कारण बन सकता है। इसलिए मैं नहीं चाहता कि मेरी कोई भी बात परेशानी का कारण बने।'

## ‘जेल में बनें स्मोकिंग जोन’

भतीजी की शादी के लिए शाहजहांपुर में अपने पैतृक गांव कुंडरा पहुंचे राजपाल ने सभी देशवासियों का शुक्रिया अदा किया, पर साथ ही जेल में बंद कैदियों से जुड़े कुछ अहम मुद्दे भी उठाए। उन्होंने कहा कि जेलों में स्मोकिंग जोन बनाए जाने चाहिए। साथ ही जेलों को भी अपग्रेड कर आधुनिक बनाया जाए। उन्होंने कहा, 'मैं वही खाना खा रहा था जो सभी के लिए बनता था। मुझसे जैसी भी उम्मीद की गई थी, मैंने वही सब किया।'

## ‘सीधे-सीधे कही बात’

राजपाल यादव ने दोहराया कि कोर्ट में मामला शुरू होने के बाद से उनका रुख एक जैसा ही रहा है। उन्होंने कहा, 'जब हाई कोर्ट ने मुझे सरेंडर करने का आदेश दिया, तो मैंने किया। जब बाहर आने को कहा, तो मैं आया। अगर कोर्ट कहे इंतजार करो, तो मैं इंतजार करूंगा। मैंने कभी अपनी बात को किसी मौके के अनुसार तोड़ने-मरोड़ने या अपना स्टैंड बदलने की कोशिश नहीं की। मेरी बात नहीं बदली है, मेरा पासपोर्ट नहीं बदला है, तो मेरा सच क्यों बदलेगा? मैं साफ था कि मैं चाहता हूं सब लोग सारे तथ्यों को जान और समझ लें।'

## ‘जेल में रहते हुए बहुत देखा’

जेल में बिताए दिनों को लेकर राजपाल ने कहा, 'मेरे लिए हर दिन एक नई शुरुआत है, चाहे सीखने का दिन हो या काम करने का दिन। बतौर ऐक्टर मैंने अपने आसपास की हर चीज को देखा और समझा। मैं वही खाना खा रहा था जो सभी के लिए बनता था। मुझसे जैसी उम्मीद की गई थी, मैंने वही किया। मैं सिर्फ चाहता हूं कि हाई कोर्ट मेरी बात सुने और अगर अदालत को लगे कि मैं गलत हूं, तो बेशक मुझे वापस जेल भेज दे। मैं उस फैसले सम्मान करूंगा।'


जेल से बाहर आने के बाद मीडिया से बात करते राजपाल

## ‘इंडस्ट्री को साबित करने की जरूरत नहीं कि वे मेरे साथ हैं’

फिल्म इंडस्ट्री के कुछ लोगों द्वारा आर्थिक मदद किए जाने की खबरें सामने आई हैं। लेकिन राजपाल किसी का नाम लेने से बचे। उन्होंने कहा, 'यह मामला पहली बार 2012 में मीडिया में आया था। खबरें चली थीं कि 'राजपाल यादव फ्रॉड हैं।' तब से मैंने हर साल कम से कम 10 फिल्में की हैं। अगर मैं धोखेबाज होता तो कोई मेरे साथ काम क्यों करता? इंडस्ट्री को यह साबित करने की जरूरत नहीं कि वे मेरे साथ हैं। मुझे विश्वास है कि सभी मेरे साथ हैं। मैं हर मदद का सम्मान करता हूं, पर सहानुभूति नहीं चाहिए।'

# प्रियंका चोपड़ा ने साड़ी को दिया मॉडर्न ट्विस्ट



@priyankachopra

प्रियंका चोपड़ा ने एक बार फिर अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचा है। उन्होंने अपनी फिल्म द ब्लफ के प्रीमियर पर ट्रडिशनल इंडियन साड़ी को मॉडर्न अंदाज में पेश कर भारतीय फैशन के दुनियाभर में बढ़ते महत्व को चर्चा किया।

प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया पर अपने इस खास लुक की तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह पीले रंग के ड्रेप्ड आउटफिट में नजर आईं। यह आउटफिट ट्रडिशनल साड़ी की भावना को बरकरार रखते हुए मॉडर्न डिजाइन और हाई फैशन का बेहतरीन कॉम्बिनेशन था। इस ड्रेस का लंबा ट्रेल और थाई-हाई स्लिट इसे और भी आकर्षक बना रहा था।

प्रियंका ने अपने पोस्ट में लिखा, 'यह लुक मेरी फिल्म के एक किरदार एर्सेल बोडेन को समर्पित है। फिल्म की शुरुआत में वह सिर पर दुपट्टा ओढ़े नजर आती है, जो उसकी पहचान और ताकत का प्रतीक है।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे साड़ी हमेशा पसंद रही है। जब मैंने इस डिजाइन को पहली बार देखा, तो मुझे यह साड़ी का एक मॉडर्न रूप लगा। इसकी सादगी, ड्रेपिंग और चमकीला पीला रंग भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को दर्शाता है। यह भारतीय फैशन के वैश्विक विस्तार का प्रमाण है।'

# लॉर्ड्स में होगी गांगुली की बायोपिक के लिए शूटिंग


@souravganguly

मार्च महीने में सौरव गांगुली की बायोपिक की शूटिंग शुरू होने जा रही है। फिल्म में राजकुमार राव गांगुली की भूमिका निभाएंगे। खास बात यह है कि फिल्म की शूटिंग क्रिकेट के दो ऐतिहासिक मैदानों लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड (लंदन) और ईडन गार्डन्स (कोलकाता) में की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, मेकर्स गांगुली के क्रिकेट करियर के अहम पलों को असली लोकेशंस पर शूट करना चाहते हैं, ताकि कहानी को ज्यादा रियल और असरदार बनाया जा सके। लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड को क्रिकेट का मक्का कहा जाता है और गांगुली के करियर में इसका खास महत्व रहा है। फिल्म का निर्देशन विक्रमादित्य मोटवाने करेंगे।



## राजकुमार कर रहे हैं कड़ी तैयारी

राजकुमार राव इस रोल के लिए कड़ी तैयारी कर रहे हैं। वह क्रिकेट की खास ट्रेनिंग ले रहे हैं, ताकि सौरव गांगुली के अंदाज और व्यक्तित्व को पर्दे पर पूरी तरह जीवंत कर सकें।

# रोहित के घर पर हमले में इस्तेमाल हथियार मिला

डायरेक्टर रोहित शेट्टी के जुहू स्थित घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आरोपी से फायरिंग में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया है। इस हथियार को अब बैलिस्टिक जांच के लिए फरेंसिक साइंस लैब भेजा गया है, ताकि यह पुष्टि हो सके कि इसी से गोली चलाई गई थी।

पुलिस के अनुसार, 1 फरवरी की देर रात करीब 12:45 बजे रोहित शेट्टी के घर के बाहर चार से पांच राउंड फायरिंग की गई थी। एक गोली बिल्डिंग के अंदर स्थित जिम के कांच पर भी लगी थी। जांच में पता चला कि लॉरेंस के गिरोह से जुड़े सदस्य ने हमला किया था।

## 12 आरोपी गिरफ्तार, कई राज्यों में चला ऑपरेशन

इस मामले में क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन सेल अब तक मुख्य शूटर दीपक शर्मा समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पुणे सहित कई जगहों पर छापेमारी कर आरोपियों को पकड़ा। कुछ आरोपियों ने शूटर को स्कूटर, हथियार और अन्य लॉजिस्टिक सपोर्ट दिया था। मुंबई पुलिस ने इस मामले में महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (MCOCA) भी लगाया है, क्योंकि जांच में संगठित गैंग की साजिश है।


@itsrohitshetty

Photos: Social Media

# रणबीर और आलिया का फैमिली मोमेंट वायरल



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट हाल ही में अपनी बेटी राहा कपूर के साथ एक वेडिंग फंक्शन में शामिल हुए। इस दौरान पूरा कपूर परिवार साथ नजर आया, जिसकी तस्वीरें और विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक विडियो में रणबीर अपनी कार से उतरकर बेटी राहा को गोद में लिए नजर आए। इस दौरान वह मुस्कुराते हुए अपनी मां नीतू कपूर से बात करते दिखे। वहीं, आलिया भट्ट अपनी मां सोनी राजदान और सास नीतू कपूर के साथ बातचीत करती नजर आईं। रणबीर अक्सर राहा को अपनी गोद में उठाए ही दिखाई देते हैं। सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए उनके फोटोज में राहा हमेशा उनकी गोद में बैठी दिखाई देती है।

## ट्रडिशनल लुक में दिखे

इस खास मौके पर आलिया भट्ट क्रीम और गोल्डन रंग के सूट में बेहद खूबसूरत दिखीं। रणबीर कपूर ब्लैक कुर्ता-पायजामा में नजर आए, जबकि उनकी नन्ही बेटी राहा पिंक आउटफिट में काफी क्यूट लग रही थी। इस दौरान नीतू कपूर ने ग्रे और ब्राउन एथनिक ड्रेस पहनी थी। गौरतलब है कि रणबीर और आलिया ने कुछ साल डेट करने के बाद अप्रैल 2022 में शादी की थी। उसी साल नवंबर में बेटी राहा का जन्म भी हुआ। कपल ने पहली बार क्रिसमस 2023 पर राहा को सार्वजनिक रूप से दिखाया था।



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel

**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in